सुबोध ने यूटीयू के छह नए कैंपस बनाने को मंजूरी दी

देहरादून, विशेष संवाददाता। राज्य के छह स्ववित्त पोषित इंजीनियरिंग संस्थानों को यूटीयू का कैंपस बनाने का रास्ता साफ हो गया। तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कुछ समय पहले ही कैबिनेट में यह प्रस्ताव पास हुआ है। यूटीयू के कैंपस बनने के बाद सरकार इन संस्थानों में संसाधनों का विकास करेगी।

कैंपस में शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विश्वविद्यालय कार्यपरिषद को नियुक्तियां करने का अधिकार होगा। कार्यपरिषद इन संस्थानों में नियमित अथवा पूर्णकालिक निदेशक की नियुक्ति के लिए विचार करेगी। साथ ही अलग-अलग परिषदों के बजाए कार्यपरिषद ही इस व्यवस्था को देखेगी। शिक्षणेत्तर-गैर शिक्षणेत्तर कार्मिकों की संविदा और आउटसोर्स आधार पर की गई नियुक्तियां भी कार्यपरिषद के नियंत्रण में रहेंगी। कार्यपरिषद ही इनका वेतन और मानदेय भी तय करेगी।

यहां बनेंगे कैंपस

पिथौरागढ़ : सीमान्त प्रौद्योगिकी संस्थान

चंपावत : एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी संस्थान, टनकपुर

टिहरी : टीएचडीसी-हाइड्रो प्रौद्योगिकी संस्थान

देहरादून : महिला प्रौद्योगिकी संस्थान

चमोली : प्रौद्योगिकी संस्थान, गोपेश्वर

उत्तरकाशी : बौन इंजीनियरिंग कॉलेज